26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 10 अगस्त , 2026
अंक- 287 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16







## आवश्यकता है

सुज़ूकी टू व्हीलर शोरूम बैराज रोड, बिजनौर को मैकेनिक व कम्प्यूटर के काम के लिये लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है। सैलरी योग्यता अनुसार होगी।

सम्पर्क करें- 9410433745, 9917057433

## दारुल उलूम में कल जल चढ़ाने का ऐलान

### पुलिस और प्रशासन सतर्क

देवबंद ( एजेंसी/चिंगारी )। हिंदू रक्षा दल के उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने कल 11 अगस्त को दारुल उलूम में जल चढ़ाने का ऐलान किया है। इसके बाद से पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। वहीं, अपने विवादित बयानों और प्रदर्शनों को लेकर ललित शर्मा पहले भी चर्चाओं में रहे हैं। विवादित बयान की वजह से उन पर उत्तराखंड में प्राथमिकी तक दर्ज हो चुकी है। बता दें कि ललित शर्मा ने आठ अगस्त को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करके कहा कि वह 11 अगस्त को दारुल उलूम पहुंचकर जल चढ़ाएंगे। उनका दावा है कि दारुल उलूम परिसर में करीब 14 फीट नीचे शिव मंदिर और शिवलिंग मौजूद हैं। मई में भी ऐसा दावा करते हुए उन्होंने प्रशासन से वैज्ञानिक जांच और खोदाई कराने की मांग की थी।

## दिल्ली-दून हाईवे पर उमड़ा केसरिया सैलाब

कल शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। पर्व नजदीक आने के साथ ही कांवड़ मार्ग पर शिवभक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे कांवड़ियों से दिल्ली-दून हाईवे और कांवड़ मार्ग पूरी तरह केसरिया रंग में रंगा नजर आ रहा है। सुबह से देर रात तक हाईवे पर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। पैदल कांवड़ लेकर चलने वालों में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल हैं। कई महिला कांवड़िए छोटे बच्चों के साथ यात्रा करती नजर आ रही हैं। शिवभक्त लगातार हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गांव और शहरों की ओर बढ़ रहे हैं।

## खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सेस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम


BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp: 98374 58181, 94569 51520

Address: ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)



# व्यापारी राष्ट्र के विकास की रीढ़ है: लीना सिंघल



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री तथा धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल द्वारा व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्था के नवमनोनीत युवा प्रदेश अध्यक्ष संजीव अग्रवाल के सम्मान एवं अभिनंदन के लिए अपने जनसंपर्क कार्यालय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक लीना सिंघल ने कहा कि व्यापारी किसी भी राष्ट्र अथवा समाज के विकास की रीढ़ होता है तथा उसका योगदान टैक्स, चंदा तथा आर्थिक सहयोग के माध्यम से सर्वाधिक होता है। लीना सिंघल ने कहा कि नजीबाबाद के युवा व्यापारी नेता संजीव अग्रवाल को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गोयल द्वारा युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने से नजीबाबाद एवं जनपद बिजनौर का गौरव एवं मान बढ़ा है तथा आशा है कि उनके नेतृत्व में व्यापारियों की आवाज बुलंद होगी तथा व्यापारी एकता मजबूत होगी। इस अवसर पर अपने स्वागत से अभिभूत संजीव अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम संयोजक लीना सिंघल का धन्यवाद करते हुए व्यापारियों के हित के लिये कार्य करने का संकल्प लिया। संजीव अग्रवाल ने इस अवसर पर अपनी संस्था के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए नजीबाबाद के सभी व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने एवं योगी सरकार की व्यापारी हितो के लिए घोषित नीतियों का लाभ व्यापारियों को दिलाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कमल वर्मा एवं संचालन सचिव अनुज अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक उमापति गर्ग, चन्द्रप्रकाश गुप्ता, राजीव अग्रवाल बर्तन वाले, विशाल महेश्वरी, शौम्य अग्रवाल, सरदार हरविन्दर सिंह, अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, कोमल सिंह, वीपी सिंह, अंजु सिंह, सुनील राजपूत, संजय राजपूत, विशाल रंजन, पंकज अग्रवाल, नीरज सिंघल, शक्ति गर्ग, मौ0 शादाब, मौ0 असलम, मौ0 आदिल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।




## रमा जैन की छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविकाओं के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने छात्राओं को नशा ग्रहण न करने की शपथ दिलाई। इसके बाद एक रैली का आयोजन किया गया और बताया गया नशे का सेवन परिवार के लिए एक अभिशाप होता है। यह समाज के लिए दीमक का काम करता है, जो समाज को अंदर ही अंदर खोखला कर देता है। देश के विकास के लिए समाज को नशा मुक्त करना बहुत आवश्यक है। इसी मंशा को धारण करते हुए भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य नशे से ग्रस्त लोगों को जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में उनैजा, आकांक्षा, भावना, योग्यता, शहरीन, कामिनी, अंशिका, पाखी आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शपथ ग्रहण एवं रैली में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी ने भी अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साह वर्धन किया। साथ ही डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, श्रीमती पारुल त्यागी. डॉ. अंकुर अग्रवाल, सुश्री मनीषा चैहान आदि महाविद्यालय शिक्षिकाओं ने भी अपना सक्रिय योगदान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल ने छात्राओं को अपने घर के आस-पास भी नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करने की प्रेरणा दी।

## पुलिस की व्यस्तता और गुलदार की सक्रियता का लाभ उठा रहे नलकूप चोर

हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा में व्यस्त हीमपुर दीपा पुलिस के लिए किसानों के नलकूपों पर चोरी होना एक बड़ी चुनौती बन गया है। पुलिस की इसी व्यस्तता का लाभ उठाते हुए चोर क्षेत्र के माढी गांव के जंगल में लगभग एक दर्जन किसानों के नलकूपों का तांबे का कीमती तार चुरा ले गये। घटना से किसानों को अब आर्थिक नुकसान के साथ खेतों की सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था की चिंता सताने लगी है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता आशीष देशवाल के अनुसार गांव निवासी कुलबीर सिंह, मूलचंद वर्मा, भीष्म सिंह, मगन सिंह, सुनील कुमार आदि किसानों के नलकूपों पर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। लंबे अंतराल के बाद शनिवार की रात दर्जनों नलकूपों पर हुई चोरी की घटना से किसानों की नींद उड़ गई है उनमें भय का माहौल है। किसानों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और नलकूप चोरों पर शीघ्र अंकुश लगाने की मांग की है। उधर यह भी पता चला है कि माढी पुट्ठा गांव के जंगलों में आजकल गुलदार देखा जा रहा है, जिसका भय सभी पर हावी है इसी कारण किसानों के सभी नलकूप रात्रि के समय सूने पड़े रहते हैं, जिसका फायदा नलकूप चोरों को मिल रहा है। नलकूप चोरों को न तो गुलदार का डर है और ना ही पकड़े जाने का भय। शायद इसीलिए वह बेखौफ और निरंकुश हो चले हैं।



## डॉ. हारून अहमद को शाखा प्रचार मंत्री बनाया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ के निर्देशानुसार नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने संगठन का विस्तार करते हुए जोन पैथ लैब के डॉक्टर हारुन अहमद को शाखा का प्रचार मंत्री बनाया है। उन्होंने डॉ. हारून को मनोनयन पत्र भेंट करते हुए उनका स्वागत कर संगठन की मजबूत के लिए काम करने की अपील की। इस मौके पर युवा नगर अध्यक्ष शेर अली, शाखा उपाध्यक्ष सिताब खान, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, शाखा मंत्री शारिक, दाऊद, फैसल, टीकम, मास्टर आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।


बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901

Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

किसानों के आगे पुलिस की नहीं चली
आज होने वाली पंचायत टली (पेज 11)



# धामपुर तहसील के मुकदमें अब ठाकुरद्वारा में सुने जायेंगे

## कमिश्नर के आदेश से हड़कम्प

धामपुर (चिंगारी)। जनपद बिजनौर की धामपुर तहसील में अधिकांश कार्य दिवस में अधिवक्ताओं के कथित रूप से कार्य से विरत रहने के कारण प्रभावित हो रहे न्यायिक कार्यों से वादकारियों को न्याय मिलने में विलंब होने का संज्ञान लेते हुए मुरादाबाद मंडल के आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने उप जिलाधिकारी धामपुर, उप जिलाधिकारी न्यायिक धामपुर एवं तहसीलदार धामपुर व तहसीलदार न्यायिक धामपुर तथा तहसील धामपुर के समस्त



कमिश्नर के आदेश की प्रति

नायब तहसीलदारों के न्यायालय में सभी विचाराधीन वादों को अन्यंत्र स्थानांतरित कर दिये जाने का आदेश निर्गत किये हैं, ताकि वादकारियों को सुगमता पूर्वक न्याय प्राप्त हो सके। मुरादाबाद मंडल के आयुक्त के इस आदेश के आने से स्थानीय अधिवक्ताओं में हड़कंप मच गया है और आज तहसील व एसडीएम कोर्ट में इस आदेश के कारण कार्य भी प्रभावित रहा।

आयुक्त मुरादाबाद मंडल के आदेश के अनुसार उप जिलाधिकारी धामपुर के न्यायालय में विचाराधीन समस्त वाद उप जिला अधिकारी ठाकुरद्वारा के न्यायालय में स्थानांतरित किए गए हैं।

उप जिलाधिकारी न्यायिक धामपुर के न्यायालय में विचाराधीन समस्त व उप जिलाधिकारी न्यायिक ठाकुरद्वारा के न्यायालय में स्थानांतरित किए गए हैं। तहसील धामपुर के न्यायालय में विचाराधीन सभी वाद तहसीलदार नगीना के न्यायालय में स्थानांतरित किये गये हैं।

तहसीलदार न्यायिक धामपुर के न्यायालय में विचाराधीन सभी वाद तहसीलदार न्यायिक नगीना के न्यायालय में स्थानांतरित किए गए हैं। नायब तहसीलदार धामपुर एवं नायब तहसीलदार नहटौर तहसील धामपुर के न्यायालय में विचाराधीन सभी वाद नायब तहसीलदार बढ़ापुर तहसीलदार नगीना के न्यायालय में स्थानांतरित किए गए हैं।

नायब तहसीलदार स्योहारा तहसीलदार धामपुर एवं नायब तहसीलदार अफजलगढ़ तहसील धामपुर के न्यायालय में विचाराधीन सभी वाद नायब तहसीलदार नगीना के न्यायालय में स्थानांतरित किये गये हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

### एसडीएम कोर्ट में तो हड़ताल होती ही नहीं



विनोद सैनी


बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद सैनी एडवोकेट का कहना है कि धामपुर के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि यहां के वाद दूसरे स्थान पर भेजे गए हैं। उन्होंने बताया क धामपुर में लगातार न्यायालय में काम हो रहा है। एसडीएम कोर्ट में तो हड़ताल ही नहीं होती। तहसीलदार की कोर्ट में उनके रवैये के कारण कभी-कभी हड़ताल हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस आदेश के संबंध में कल अधिवक्ता मंडलायुक्त से जाकर मिलेंगे और यदि आवश्यकता होगी तो राजस्व परिषद में भी जाएंगे।

### ग़लत निर्णय- राजपाल सिंह



राजपाल सिंह

बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजपाल सिंह का कहना है कि यह गलत निर्णय है। कुछ अधिवक्ताओं ने कमिश्नर साहब से मिलकर यह शिकायत की थी कि धामपुर में हड़ताल होती है, परंतु कुछ लोगों की शिकायत सुनकर यह निर्णय दिया गया है, जो उचित नहीं है।




Hero

शिवरात्रि व 80वें गणतंत्र दिवस व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर हीरो लाया है अपने स्कूटर्स पर शानदार ऑफर

Hero

HERO KA SCOOTER, SCOOTER KA HERO



Cash Discount 3000/-



Cash Discount 2100/-



Cash Discount 5000/-

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध मात्र 9999 के डाउन पेमेंट पर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## भाजपा की भावात्मक राजनीति

लोकसभा चुनाव के पहले से ही नहीं, मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद भी बहुसंख्यक मतदाताओं को रिझाने के लिए भावात्मक मुद्दों को हवा देने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी है। हर बात में हिन्दू-मुसलमान का एंगल तलाश किया जाता है। देश की जनता को लगातार ऐसे मुद्दों में उलझाये रखा जा रहा है, जिनसे न रोटी मिलती है, न रोजगार। 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार जिस राह पर चल रही है, वो रास्ता तो देश को कहीं ओर ले जायेगा। 2014 के चुनाव में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और ग़रीबी को सत्ता में आते ही दूर करने का दावा करने वाली मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है और इस दौरान उसकी प्राथमिकता में धारा 370, तीन तलाक, गाय और गंगा, समान नागरिक संहिता और घुसपैठ आदि मुद्दे शामिल रहे हैं। धारा 370 तो येन-केन प्रकारेण हटा दी गई, तीन तलाक का कानून भी बना दिया गया, लेकिन गाय और गंगा की दशा सुधरने के बजाए और खराब होती जा रही है। कश्मीरी पंडितों के विस्थापन का मुद्दा भी भाजपा खूब जोरशोर से उठाया था, लेकिन अब कहीं कोई चर्चा नहीं है।

एक विडम्बना यह भी है कि अपने आपको सेकुलर दल बताने वाले राजनीतिक दल भाजपा के इस खेल में जाने-अनजाने फंसते ही गये और अब परिणाम सामने है। हैरानी की बात तो यह है कि उन्होंने इतिहास के इस सर्वाधिक नाजुक मोड़ पर पहुंचने के बाद भी कुछ नहीं सीखा। उनकी कार्यशैली में परिवर्तन या आत्मालोचना नाम की चीज अभी भी नहीं दिखती और वह आज भी सत्तारूढ़ दल की राजनीति को रटे-रटाये चश्मे से ही देखना चाहता है। उदाहरण के लिए पिछले दिनों राष्ट्रपति के अभिभाषण में, जो प्राय: सरकार की भावी नीतियों का दर्शन भी प्रतीक होता है, इस तथ्य का उल्लेख किया गया कि मोदी सरकार घुसपैठिये रोकने का काम करेगी। इस पर कांग्रेस सहित प्राय: सभी विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया बहुत ठंडी रही। यहां यह बताना जरूरी हो जाता है कि इस तरह चर्चा का एक लक्ष्य 'बहुसंख्यक वोटों को रिझाने' का सिलसिला बनाये रखना भी है।

# सरकारी स्कूल बचेंगे तो शिक्षा, संस्कार और संस्कृति भी बचेगी

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक ताकत उसके विशाल भवनों, चौड़ी सड़कों, ऊंची इमारतों या आर्थिक विकास दर से नहीं मापी जाती। किसी देश की सबसे बड़ी शक्ति उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा ही वह आधार है जिस पर सभ्यता, संस्कृति, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आर्थिक प्रगति का पूरा ढांचा खड़ा होता है। यदि शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तो समाज मजबूत होगा; यदि शिक्षा कमजोर होगी तो उसका प्रभाव आने वाली कई पीढ़ियों तक दिखाई देगा।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में सरकारी विद्यालय केवल पढ़ाई के केंद्र नहीं हैं, बल्कि सामाजिक समानता के सबसे बड़े संस्थान भी हैं। यहां किसान का बेटा, मजदूर की बेटी, दुकानदार का बच्चा और सरकारी कर्मचारी का पुत्र एक ही कक्षा में बैठकर शिक्षा प्राप्त कर सकता है। यही वह व्यवस्था है जो समाज में समान अवसर की भावना को जन्म देती है। यदि यह व्यवस्था कमजोर पड़ती है, तो शिक्षा धीरे-धीरे आर्थिक क्षमता पर निर्भर हो जाती है और समाज दो हिस्सों में बंटने लगता है—एक वह जो महंगी शिक्षा खरीद सकता है और दूसरा वह जिसे सीमित अवसरों से ही संतोष करना पड़ता है।



आज दुर्भाग्य से यह धारणा तेजी से फैल रही है कि अच्छी शिक्षा केवल निजी विद्यालयों में ही मिल सकती है। अंग्रेज़ी माध्यम को गुणवत्ता का पर्याय मान लिया गया है। अभिभावक अपनी आय का बड़ा हिस्सा निजी विद्यालयों की फीस, परिवहन, पुस्तकों और अन्य खर्चों पर लगाने को मजबूर हैं। दूसरी ओर, सरकारी विद्यालयों के प्रति उदासीनता बढ़ी है। यह प्रवृत्ति केवल शिक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन का भी प्रश्न है। यह सच है कि कुछ सरकारी विद्यालय संसाधनों, शिक्षकों की कमी या प्रशासनिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि देश के हजारों सरकारी विद्यालय उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं। अनेक सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं, सेना, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, खेल और शोध जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। समस्या पूरे सरकारी तंत्र की नहीं, बल्कि उसकी असमान गुणवत्ता, सार्वजनिक धारणा और निरंतर सहयोग की कमी की भी है। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति को अच्छा नागरिक बनाना, सही और गलत में अंतर करना सिखाना, संविधान के प्रति सम्मान विकसित करना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जगाना भी है। यदि शिक्षा केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित हो जाए तो वह अधूरी शिक्षा है। संस्कार, सहिष्णुता, अनुशासन, सहयोग और संवेदनशीलता जैसे मूल्य भी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं।

सरकारी विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलते हैं। विविध सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के बच्चों का एक साथ पढ़ना लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करता है। बच्चे एक-दूसरे की परिस्थितियों को समझते हैं, विविधता का सम्मान करना सीखते हैं और सामाजिक समरसता विकसित होती है। इसके विपरीत यदि शिक्षा पूरी तरह आर्थिक वर्गों में बंट जाएगी तो सामाजिक दूरी भी बढ़ेगी। आज अपराध, नशाखोरी, हिंसा, साइबर अपराध और सामाजिक असहिष्णुता जैसी समस्याओं पर गंभीर चर्चा होती है। इन समस्याओं के अनेक कारण हैं—बेरोज़गारी, सामाजिक असमानता, पारिवारिक विघटन, अवसरों की कमी और मूल्य-आधारित शिक्षा का अभाव। यह कहना उचित नहीं होगा कि इन सभी समस्याओं का कारण केवल शिक्षा व्यवस्था है, लेकिन यह अवश्य कहा जा सकता है कि एक मजबूत, समावेशी और मूल्य-आधारित शिक्षा व्यवस्था इन चुनौतियों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इसीलिए सरकारी विद्यालयों को केवल भवन, कमरे और फर्नीचर के रूप में नहीं देखना चाहिए। वे सामाजिक परिवर्तन के केंद्र हैं। यदि इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित शिक्षक और समुदाय का सहयोग मिलेगा तो उनका प्रभाव केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज पर पड़ेगा। अक्सर यह प्रश्न पूछा जाता है कि यदि निजी विद्यालय बेहतर हैं तो लोग सरकारी विद्यालयों की चिंता क्यों करें? इसका उत्तर बहुत सरल है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था कमजोर होने का प्रभाव अंतत: पूरे समाज पर पड़ता है। जब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल कुछ लोगों तक सीमित रह जाती है, तब अवसरों की असमानता बढ़ती है। असमानता बढ़ने पर सामाजिक तनाव, आर्थिक विषमता और असंतोष भी बढ़ते हैं। इसलिए सरकारी विद्यालयों की मजबूती केवल गरीबों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का हित है।

ग्रामीण भारत में सरकारी विद्यालयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण है। अनेक गांवों में यही एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां बच्चों को शिक्षा का अवसर मिलता है। यदि इन विद्यालयों की गुणवत्ता बेहतर होगी तो गांवों से पलायन कम होगा, स्थानीय प्रतिभाएं आगे आएंगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके विपरीत यदि ग्रामीण शिक्षा कमजोर होगी तो उसका प्रभाव रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास तक दिखाई देगा। शिक्षक इस पूरी व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। समाज को चाहिए कि वह शिक्षकों के प्रति सम्मान का वातावरण बनाए। साथ ही शिक्षकों का दायित्व भी है कि वे केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। एक प्रेरित शिक्षक कई पीढ़ियों का भविष्य बदल सकता है। अभिभावकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। विद्यालय केवल शिक्षकों के भरोसे नहीं चल सकते। यदि माता-पिता नियमित रूप से विद्यालय जाएं, शिक्षकों से संवाद करें, बच्चों की पढ़ाई में रुचि लें और विद्यालय की गतिविधियों में भाग लें, तो शिक्षा का स्तर स्वत: बेहतर होगा। विद्यालय और परिवार का सहयोग ही सफल शिक्षा की कुंजी है। स्थानीय समाज, पंचायतें, पूर्व विद्यार्थी, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि भी सरकारी विद्यालयों के विकास में भागीदार बन सकते हैं। पुस्तकालय, खेल सामग्री, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, करियर मार्गदर्शन और डिजिटल संसाधनों जैसी अनेक पहलें सामुदायिक सहयोग से संभव हैं। जब पूरा समाज विद्यालय को अपना समझता है, तब विद्यालय भी समाज का गौरव बन जाता है। सरकारों की जिम्मेदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति, आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल कक्षाएं, पुस्तकालय, खेल सुविधाएँ, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल और नियमित प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी। शिक्षा पर किया गया व्यय खर्च नहीं, बल्कि भविष्य में किया गया निवेश होता है।



▶▶ डा. सत्यवान सौरभ

## हर स्थिति में हमारी कोशिश यही होनी चाहिए कि बुराई जल्दी से जल्दी खत्म हो जाए!

प्रेरक-प्रसंग

महाभारत में कंस ने अपनी बहन देवकी को मारने का निर्णय ले लिया था। कंस को आकाशवाणी से मालूम हो गया था कि उसकी बहन देवकी का आठवां पुत्र उसकी मृत्यु का कारण बनेगा। देवकी के पति वसुदेव ने कंस से कहा, हम तुम्हें हमारी आठों संतान दे देंगे, तुम देवकी को मत मारो। वसुदेव की ये बात कंस मान गया। इसके बाद हर वर्ष देवकी के गर्भ से एक-एक पुत्र हुआ। वसुदेव और देवकी ने छह पुत्र कंस को सौंप दिए थे। कंस सभी पुत्रों को मार देता था, लेकिन बीच में एक बार उसे दया आ गई थी और उसने कहा था कि आप छोटे बच्चे लेकर न आएं, आकाशवाणी आठवें पुत्र की है तो आप मेरे पास आठवें पुत्र को ले आना। उस समय नारद मुनि कंस के पास पहुंचे और बोले, तुम तो मूर्ख हो, तुम ऐसा क्यों कर रहे हो? तुम्हें क्या मालूम कि इस क्रम में आठवां पुत्र कौन सा है? ये बात सुनकर कंस चौंक गया और उसने देवकी-वसुदेव को फिर से कारागार में डाल दिया। इसके बाद कंस ने देवकी-वसुदेव के एक के बाद एक छह पुत्रों को मार दिया। सातवें पुत्र के समय कह दिया था कि गर्भ गिर गया है। इसके बाद आठवें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। कई लोगों के मन में विचार आता है कि नारद मुनि ने कंस को ऐसी सलाह क्यों दी? नारद मुनि का काम ये था कि हर स्थिति में बुराई खत्म होनी चाहिए। वे जानते थे कि कंस देवकी की संतान नहीं मारेगा तो उसका अत्याचार और ज्यादा बढ़ेगा। भगवान विष्णु श्रीकृष्ण के रूप में समय पर अवतार नहीं ले पाएंगे। इसलिए नारद ने कंस को भड़काया कि वह तुरंत निर्णय ले, ताकि भगवान का अवतार समय पर हो जाए और कंस जैसे बुरे लोगों के अत्याचारों से सभी को मुक्ति मिल जाए।

# स्योहारा ने खोया अपना मिलनसार समाजसेवी

## मास्टर नसीम जफर को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**स्योहारा (चिंगारी)।** नगर के सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में अपनी अलग पहचान रखने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक, पत्रकार, समाजसेवी एवं पूर्व सभासद 75 वर्षीय मास्टर नसीम जफर का रविवार तड़के लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। सांस संबंधी बीमारी से जूझ रहे नसीम जफर ने कल अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से संवेदना व्यक्त करते रहे।

जोहर की नमाज के बाद उनकी नमाज-ए-जनाजा अदा की गई, जिसमें नगर के विभिन्न सैकड़ों लोग शामिल हुए। बाद में पैतृक कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अंतिम विदाई के दौरान माहौल बेहद गमगीन रहा।

मास्टर नसीम जफर का जीवन सामाजिक सरोकारों और जनसेवा को



समर्पित रहा। हयातनगर वार्ड की जनता ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें दो बार नगर पालिका परिषद का सभासद चुना। उनकी पत्नी मोहसिना जफर भी दो बार सभासद रहीं। इस तरह परिवार को वार्ड का चार बार प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।

कांग्रेस के दौर में नसीम जफर की राजनीतिक सक्रियता उल्लेखनीय रही और दिल्ली से लेकर लखनऊ तक उनके संपर्क रहे। पत्रकारिता के माध्यम से भी उन्होंने स्थानीय समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।



स्व. नसीम जफर

### ग़मजदा चेहरों पर मुस्कान ला देते थे

**नसीम जफर की खासियत गंभीर बातों को भी सहज और मजाकिया अंदाज में कहने की थी। व्यंग्य और चुटकुले सुनाने में माहिर नसीम जफर गमजदा व्यक्ति के चेहरे पर भी मुस्कान ला देते थे। उनकी लंबी कद-काठी भी उनकी अलग पहचान थी।**

**उनके निधन से नगरवासियों ने एक ऐसे व्यक्ति को खो दिया है, जो लंबे समय तक लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहा। उनके जाने से पैदा हुई रिक्तता को भर पाना आसान नहीं होगा। चिंगारी परिवार की ओर हार्दिक श्रद्धांजलि।**

# रालोद पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने शिवभक्तों के लिये सेवा शिविर लगाया



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ बिजनौर द्वारा शिव भक्तों की सेवा में मंडावर चौराहा चक्कर रोड बिजनौर में शिविर लगाया गया, जिसमें जनपद के पूर्व सैनिकों ने भारी संख्या में पहुंचकर शिव भक्तों की सेवा की। शिविर में सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लवकुश कुमार फौजी,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सतेंद्र कुमार,जितेश कुमार, संजय सिंह,सुनील कुमार, चंद्रभान सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, कैलाश सिंह, योगेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, जगदेव सिंह, आनन्द कुमार, सुमित त्यागी, उमेंद्र सिंह,सूरजमल रिटायर्ड दरोगा, मदनपाल सिंह, चौधरी प्रीतम सिंह, ब्रजवीर सिंह आर्य, बिल्लू बादशाह, युवराज चौधरी ,चौधरी राम सिंह नेताजी जलालपुर आदि ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया।

# स्नूकर टूर्नामेंट में तौफ़ीक असलम ने जीती ट्रॉफी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** अफजलगढ़ हेल्थ एंड पूल क्लब में आयोजित तीन दिवसीय स्नूकर टूर्नामेंट का रविवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। फाइनल मुकाबला मोहल्ला नेजो सराय निवासी तौफीक असलम और मोहम्मद अल्फेज के बीच खेला गया। बेस्ट ऑफ थ्री के मुकाबले में तौफीक असलम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे दो सेटों में 2-0 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और दर्शकों ने भी उत्साहपूर्वक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट के आयोजक ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में स्नूकर के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना था। टूर्नामेंट में मैच रेफरी की भूमिका मोहम्मद शोएब ने निभाई। उनकी देखरेख में मुकाबले नियमों के अनुसार संपन्न कराए गए।



तौफ़ीक़ असलम को ट्रॉफी देते पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक।

# ओमकुमार ने किसान चौपाल लगाई, सरकारों की उपलब्धियां गिनाई

**नहटौर (चिंगारी)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शेखुपुरा, धोकलपुर, अमीरपुर, गुजरपुरा, सुंदरपुर और रावनपुर में आयोजित किसान चौपालों में विधायक ओम कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार गांव, किसान और गरीब के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।**

इस दौरान विधायक ने विधानसभा क्षेत्र विकास निधि से स्थापित हाईमास्ट लाइटों का फीता काटकर लोकार्पण किया। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से विधायक का स्वागत किया।



## निर्माणाधीन कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया

विधायक ने ग्रामीणों के स्नेह और सम्मान के लिए आभार जताया। विधायक ओम कुमार ने ग्राम सुंदरपुर में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन कंपोजिट विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने पर जोर दिया।

इस अवसर पर गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन नरेश चौधरी, भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन नरेश कुमार, राहुल कुमार, भूदेव सिंह, पंडित गौतम शर्मा, पिंटू मलिक, धीरज मलिक, चमन दहिया, मुनेश्वर सिंह मुंशी, पप्पू पठान, हेमेंद्र प्रधान, तुलाराम चौधरी, गजेंद्र सिंह प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पति-पत्नी के मध्य विचारों की मधुरता आवश्यक - पंडित परितोष

## कल भंडारे के साथ कथा हो जायेगी समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के सत्संग भवन में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के छठे दिन भगवान कृष्ण और रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथावाचक आचार्य पंडित परितोष शास्त्री ने बताया कि दांपत्य जीवन की सफलता के लिए पति और पत्नी के मध्य विचारों की मधुरता एवं अभिव्यक्ति की शालीनता का होना बहुत ही आवश्यक है। छठे दिन की कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया जिसके मुख्य यजमान प्रेम कुमार शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा रानी शर्मा रहे ।


कथावाचक आचार्य परितोष शास्त्री।

इस अवसर पर संगतकारो आकाश बाबरा एवं पारस पुष्पक ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को भक्ति मय बना दिया। श्री राधा कृष्ण मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट, महासचिव अनिल कुमार शर्मा इंजीनियर कोषाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह सैनी, तरुण परिषद के अध्यक्ष विवेक शर्मा बिट्टू महासचिव विवेक कुमार शर्मा मोनू, कोषाध्यक्ष विनीत वर्मा का योगदान रहा। 11 अगस्त मंगलवार को सामूहिक हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव को पूरे विधि विधान के साथ पूर्णता दिलाई जाएगी।

## धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन का वार्षिकोत्सव

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। नगर की स्टेट बैंक कॉलोनी स्थित सूर्यवंशी भवन पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष होशराम सैनी ने महाराजा शूरसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राम सैनी, धर्मपाल सैनी, गौरव सैनी एवं कार्तिक सैनी, संजीव सैनी, इशु सैनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांति देवी ने सैनी समाज के युवाओं का आवाहन किया कि वह समाज के महापुरुषों के जीवन दर्शन का अनुसरण करते हुए उनके जन कल्याणकारी कार्यों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका प्रदर्शित करने का संकल्प ले। समारोह की अध्यक्षता धर्मपाल सैनी ने की तथा संचालन संगठन मंत्री गौरव सैनी एवं संजीव सैनी ने संयुक्त रूप से किया।



## आरएसएम के तीन विद्यार्थियों ने प्राप्त किये स्वर्ण पदक

**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. कॉलेज के तीन मेधावी विद्यार्थियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय, जनपद एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय के छात्र आकाश कुमार ने एम.एससी. (कृषि) एग्रोनॉमी, छात्रा रेनू ने एम.एससी. (कृषि) उद्यानिकी तथा छात्रा महिमा सिंह ने बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि में विश्वविद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

## कृष्ण हास्पिटल ने वाटर कूलर दिया, रोटरी क्लब ने उसको लोकार्पित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया और कृष्णा हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास से जनहित के लिए एक वाटर कूलर आम जनता के लिए लगाया गया। इससे आने जाने वाले राहगीरों को गर्मियों के दिनों में ठंडा जल पीने के लिए मिलेगा। प्रोजेक्ट अध्यक्ष डॉ. निश्चित सिंह द्वारा इस वाटर कूलर को रोटरी क्लब को समर्पित करने पर रोटरी क्लब के सभी सदस्यों द्वारा निश्चित सिंह का आभार व्यक्त किया गया। डॉ. आदित्य अग्रवाल ने कहा कि इस दुनिया में सिर्फ भूमिगत जल ही पीने योग्य है। इसलिए हमें आने वाले भविष्य के लिए जल को बचाना है। रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह चावला ने कहा जल ही जीवन है जल है तो कल है। प्रोजेक्ट में डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, विपिन मिश्रा, शिवेंद्र अग्रवाल, सतपाल चावला, मुकुल सिंह, ललित गर्ग, गोल्डी गर्ग, संजय वर्मा, डॉ विकास अग्रवाल, एसपी सलूजा, पुलकित महेश्वरी, अजीत चावला, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, सचिव सरदार गुरदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।



वाटर कूलर का उद्घाटन करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

## हवन कुंड में आहुतियां देने के साथ, शिव महापुराण कथा समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के सिद्ध पीठ श्री नवदुर्गा बाबा खाटू श्याम मंदिर में चल रही मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव का सामूहिक हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए सभी सनातन परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि की भगवान भोलेनाथ से कामना की। समाजसेवी कुंवर निहाल सिंह राजपूत, उनकी धर्मपत्नी शोभा रानी राजपूत, कुंवर अशोक कुमार राजपूत एवं लता रानी राजपूत, कुंवर अनिल कुमार राजपूत एवं रेनू रानी राजपूत, कुंवर आशीष राजपूत एवं सुप्रिया रानी राजपूत के संरक्षण में हुए कार्यक्रम के समापन पर आयोजित सामूहिक हवन यज्ञ के मुख्य यजमानों में समाजसेवी विकल गुप्ता एवं उनकी पत्नी मोनिका गुप्ता सहित संजीव त्रिवेदी, आयुष त्रिवेदी, निर्मला देवी वशिष्ठ, सुमित वशिष्ठ, अलका वशिष्ठ, अमित वशिष्ट, वर्षा वशिष्ठ, नितिन शर्मा, शिवानी शर्मा आदि परिवार शामिल रहे। मंदिर के पीठाधीश्वर आचार्य राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने सामूहिक हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश भगवान, कार्तिकेय भगवान एवं नंदी महाराज को भोग लगाने के बाद प्रसाद का वितरण कराया। उधर, मंदिर में चल रहे सामूहिक रुद्राभिषेक एवं जलधारा कार्यक्रम के मुख्य यजमान धर्मवीर जोशी रहे।


पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ

## रोटरी क्लब धामपुर रायल्स ने मनाया तीज महोत्सव

### मीता बंसल चुनी गईं तीज क्वीन

**धामपुर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स द्वारा तीज महोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं के लिए झूला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। तीज महोत्सव में श्रीमती मीता बंसल तीज क्वीन चुनी गई। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. अंकुर वर्मा-सोनी वर्मा व विष्णु अग्रवाल-आयुषी अग्रवाल रहे। तीज महोत्सव में गत वर्ष के अध्यक्ष अजय वर्मा ने सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह वितरित किये। रोटरी क्लब धामपुर रॉयल्स ने अजय वर्मा द्वारा किये गए धार्मिक और सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनको सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष मयंक अग्रवाल, सचिव पराग अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, अनिल गोयल, सुनील गुप्ता, राजीव गुप्ता, गौरव माहेश्वरी, दीपक अग्रवाल, मुदित बंसल, गौरव अग्रवाल, विवेक जैन, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अमरजीत चावला, वैभव अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, पंकज गुप्ता, सचिन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (डीएसएम), ऋषभ जैन, रविंद्र सिडाना, अर्पित सिंघल आदि उपस्थित रहे।



# कांवड़ों की बहार, सड़कें हुईं गुलजार


नांगल क्षेत्र से होकर जाती बेहद आकर्षक कांवड़

**नांगल सोती ( चिंगारी )। पूरी रात कांवड़ियों के चलने से स्थानीय सड़कों पर गुलजार रहीं। गत रात्रि हरिद्वार से लौटने वाले कांवड़िये भी बड़ी संख्या में नांगल क्षेत्र से होते हुए गंतव्य की ओर बढ़े। आज सुबह से सड़कों पर कांवड़ियों के वाहन रिकॉर्ड संख्या में दौड़ रहे हैं तथा हरिद्वार से लौटने वाले कांवड़ियों की भी बड़ी संख्या दिखाई दे रही है।**

पिछली दो रात्रि तथा तीन दिनों से नांगल क्षेत्र भगवान भोलेनाथ के जयकारों तथा डीजे पर तेज आवाज में बज रहे उनके गीतों से गुंजायमान है। पूरी रात्रि बिजनौर-मंडावली मार्ग से डीजे पर बज रहे महादेव के गीतों की आवाज आती रही। सैकड़ों कांवड़ियों ने रात्रि में खानपुर तिराहे के समीप विश्राम किया। आज दिन भर डाक कांवड़ वाहन तथा कांवड़ियों की मोटरसाइकिलें सड़कों पर जमकर दौड़ती रहीं। इससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है। कलश कांवड़ तथा डाक कांवड़ के अलावा कुछ कांवड़िये विभिन्न प्रकार की आकर्षक कांवड़ लेकर निकले, जिन्हें लोग आंखों से ओझल हो जाने तक एकटक देखते रहे। कल श्रावण की शिवरात्रि है। आज अर्द्धरात्रि के बाद से शिवालयों में जलाभिषेक शुरू हो जायेगा। इसके लिये शिवालयों को सजाया जा रहा है।

## वाहनों की छत पर बैठकर जा रहे कांवड़िये

अधिकतर डाक कांवड़िये वाहनों की छतों पर बैठकर जा रहे हैं। कुछ जगहों पर तैनात पुलिसकर्मी उन्हें समझा-बुझाकर छत से उतारकर वाहन के अंदर बैठाते हैं, मगर वे कुछ दूर चलकर फिर से छत पर ही बैठ जाते हैं। प्रशासन काफी आग्रह कर रहा है कि वाहनों की छतों पर बैठकर सफर करना खतरनाक हो सकता है, मगर अपनी ही धुन में मस्त डाक कांवड़िये प्रशासन की अपील को नजरअंदाज कर छतों पर बैठकर ही यात्रा कर रहे हैं। उधर मोटरसाइकिलों से जा रहे कांवड़ियों में से अधिकांश ने अपनी मोटरसाइकिलों के साइलेंसर निकाल रखे हैं, जिससे उनकी मोटरसाइकिलें बहुत तेज आवाज कर रही हैं। कुछ मोटरसाइकिलों के साइलेंसर से चिंगारियां निकल रही हैं। कुछ कांवड़िये मोटरसाइकिलों को बहुत तेज गति से दौड़ा रहे हैं।

## शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़


नांगल में थाने के सामने स्थित शिवालय में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**नांगल सोती।** आज सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर भी शिवालयों में शिवभक्तों की खूब भीड़ उमड़ी। सुबह सवेरे से ही शिवालयों में पहुंचने शुरू हो गये थे। नांगल में थाने के सामने ग्राम जीतपुर तथा शहजादपुर की सीमा पर स्थित शिवालय में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। जीतपुर, शहजादपुर, नांगल तथा खानपुर के श्रद्धालु यहां भगवान शिव की आराधना करने के लिये पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण यहां कई घंटे तक लाइन लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर अपने-अपने ढंग से भगवान भोलेनाथ की आराधना की तथा परिवार में सुख, समृद्धि एवं शांति का वास होने और सभी परिजनों के निरोगी रहने की कामना की। कुंवारी कन्याओं ने मनोवांछित जीवनसाथी प्राप्त होने के लिये भगवान शिव से प्रार्थना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत-उपवास भी रखे।

# फायरिंग कांड में सीसीटीवी फुटेज से मिले नए सुराग, दो और संदिग्धों की तलाश

## वायरल वीडियो में पुलिस ने विपिन सिसोदिया और सोनू की पहचान कर शुरू की तलाश

**स्योहारा ( चिंगारी )।** घर में घुसकर फायरिंग और परिवार को धमकाने के मामले की जांच में पुलिस को वायरल सीसीटीवी फुटेज से नए सुराग मिलने का दावा किया जा रहा है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फुटेज में कुछ लोग फायरिंग करते हुए दिखाई देने की बात सामने आई है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है और इसी आधार पर दो अन्य लोगों की पहचान किए जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

बताया जा रहा है कि जांच के दौरान विपिन सिसोदिया निवासी पालनपुर, हाल निवासी स्योहारा तथा सोनू निवासी अमीरपुर के नाम सामने आए हैं। दोनों की भूमिका को लेकर पुलिस फुटेज और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है। फिलहाल दोनों के फरार होने की बात कही जा रही है।

मामला थाना स्योहारा क्षेत्र के मोहल्ला सराय कला, कस्बा सरसपुर का है। यहां रहने वाली गुलफिशा पत्नी मोहम्मद जावेद की तहरीर पर पुलिस ने पहले ही आठ नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। महिला ने आरोप लगाया था कि दो अगस्त की रात करीब 11:45 बजे आरोपी हथियार और लोहे की सरिया लेकर उसके घर पहुंचे थे। आरोप है कि गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के बाद फायरिंग की गई।

घटना के बाद मौके से फायरिंग का खोखा मिलने और वीडियो उपलब्ध होने की बात भी पीड़िता की ओर से कही गई थी। अब वायरल सीसीटीवी फुटेज पुलिस की जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में सामने आई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की विवेचना जारी है। वायरल वीडियो की सत्यता और उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान की जांच की जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP


APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# राहगीरों के लिये परेशानी का सबब बनी खस्ता हाल सड़क

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** ग्राम नाबका, गढ़वावाला व मेघपुर से होकर अफ़ज़लगढ़ को जाने वाली सड़क लंबे समय से खस्ताहाल स्थिति में होने के कारण राहगीरों और यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और टूटा हुआ मार्ग होने से आवागमन बेहद कठिन हो गया है।



ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के चलते दोपहिया वाहनों के साथ-साथ चार पहिया वाहनों को भी आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दौरान सड़क की हालत और अधिक बिगड़ जाती है तथा गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। सड़क की बदहाली के कारण इस मार्ग से यात्रियों का आवागमन भी दुर्लभ हो चुका है। ग्रामीणों और वाहन चालकों का कहना है कि यह मार्ग आसपास के कई गांवों को जोड़ता है, इसलिए इसकी मरम्मत कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सड़क की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कराकर जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिल सके और संभावित हादसों को रोका जा सके।

# डबल फाटक फ्लाईओवर पर कांवड़ियों का वाहन पलटने से दो घायल



नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार से गंगाजल लेकर रामपुर जा रहे कांवड़ियों के जत्थे में शामिल डीजे वाहन रविवार शाम गुरुद्वारे के पास डबल फाटक फ्लाईओवर पर चढ़ते समय अचानक पलट गया। हादसे में वाहन में सवार दो कांवड़िये घायल हो गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। डीजे वाहन संख्या यूपी 21 एन 4631 में पांच लोग सवार थे। फ्लाईओवर पर वाहन के अचानक पलटने से रामपुर निवासी गजेंद्र (20 वर्ष) के बाएं पैर के टखने में चोट आई, जबकि अंकुश (16 वर्ष) के घुटने में चोट लगी। हादसे की सूचना मिलते ही थाना नजीबाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दोनों हरिद्वार से गंगाजल लेकर रामपुर जा रहे थे। डीजे वाहन के फ्लाईओवर पर पलटने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटे वाहन को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। मौके पर सीओ आकांक्षा गौतम व थाना प्रभारी अमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए यातायात व्यवस्था सामान्य कराई।

कैप्शन-डबल फाटक फ्लाईओवर पर



## सावन के दूसरे सोमवार को मोटा महादेव पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया लाइन में लगकर

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। श्रावण मास का महीना भगवान शिव को बहुत ही प्रिय होता है। इस पवित्र महीने काफी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ ला रहे है। कांवड़ मार्ग पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा है। आज श्रावण मास के दूसरे सोमवार को मोटा महादेव मंदिर को फूलों से सजाया गया। सुबह से ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। जल चढ़ाकर भांग, धतूरा, बेल पत्र आदि अर्पित कर धूप दीपक से भगवान शिव की आरती की। बाबा भैरो का आशीर्वाद लेकर सुख समृद्धि की कामना की। मोटा महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए जलाभिषेक किया। जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर के पुजारी शशिनाथ ने सभी श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना कराई। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। क्षेत्र के सभी गांव के शिवमंदिरो पर भी शिवभक्तों ने पूजा अर्चना की।

## पुलिस ने कांवड़ वाहनों की छत पर बैठे यात्रियों को नीचे उतारा



नजीबाबाद (चिंगारी)। कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए नजीबाबाद के आज़ाद चौक पर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। पुलिसकर्मी लगातार वाहनों की चेकिंग कर रहे हैं। पुलिस कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरत रही हैं। पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जिनमें कांवड़ यात्री ट्रकों या अन्य वाहनों की छत पर बैठकर यात्रा कर रहे हैं। पुलिसकर्मी ऐसे वाहनों को रोक कर यात्रियों को सुरक्षित रूप से नीचे उतार रहे हैं तथा वाहन चालकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसके अलावा ओवरहाइट व क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलने वाले वाहनों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना को रोकने व कांवड़ियों व आम राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आज़ाद चौक पर पुलिस की सक्रियता के चलते यातायात व्यवस्था पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिसकर्मी वाहन चालकों व कांवड़ यात्रियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील कर रहे हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस की यह मुस्तैदी सुरक्षित व शांतिपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## कल्याणपुर में पिंजरे में फंसा गुलदार

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में वनविभाग द्वारा लगाये गए पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्राम कल्याणपुर में गुलदार देखे जाने के बाद से ग्रामीणों में भय व्याप्त था। वनविभाग ने पिछले दिनों गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में एक स्थान पर पिंजरा लगाया था। वनविभाग के पिंजरे में गुलदार फंस गया। सूचना मिलने पर वनविभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पिंजरे में फंसे गुलदार को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई।

## झारखंड विधानसभा के पास पहुंचे छात्रों पर लाठीचार्ज

रांची पुलिस ने JPSC-JSSC प्रदर्शनकारी छात्रों पर झारखंड विधानसभा घेराव मार्च के दौरान लाठीचार्ज और वाटर कैनन का प्रयोग किया। छात्रों ने शांतिपूर्ण विरोध का दावा करते हुए कई पुलिस बैरिकेड तोड़े, जिसके बाद पुलिस पर अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगे। यह घटना मौजूदा विधानसभा सत्र के दौरान सरकार और छात्र आंदोलन के बीच बढ़ते तनाव को दर्शाती है। रांची पुलिस ने विधानसभा की ओर बढ़ रहे JPSC-JSSC के प्रदर्शनकारी छात्रों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। JPSC-JSSC परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों ने रांची में आंदोलन में शामिल सभी छात्रों से एकजुटता बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि आज होने वाला विधानसभा मार्च शांतिपूर्ण रहे। रांची पुलिस आज के विधानसभा मार्च के लिए पूरी तरह तैयार है, एसपी पारस राणा ने प्रदर्शनकारी छात्रों को भरोसा दिलाया है कि अगर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहता है, तो उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। विधानसभा घेराव मार्च के दौरान पुलिस की लाठीचार्ज में घायल हुए छात्र प्रदर्शनकारी विक्रम कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन जी, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए था। हम शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे। हमने कोई गाली-गलौज भी नहीं की थी। अचानक पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। यह ठीक नहीं है। प्रदर्शन कर रहे एक छात्र ने कहा कि पुलिस बैरिकेडिंग के पास प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज किया गया।





खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476





## एमएसपी की गारंटी सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय किसान सभा शाखा बढ़ापुर की ओर से एमएसपी गारंटी, न्यूनतम वेतन तथा गरीबों की कर्ज मुक्ति सहित करीब डेढ़ दर्जन मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक को सौंपा गया। अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केन्द्र एवं राज्य सरकार पर किसानों व मजदूरों का शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक नीरज तोमर को सौंपा। ज्ञापन में न्यूनतम मजदूरी 26 हजार रुपये किया जाने,फसलों का समर्थन मूल्य स्वामी रंगनाथन कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर लागू करने,फसल खरीद की कानूनी गारंटी बनाने,किसानों का कर्ज माफ करने,मुक्त व्यापार समझौता रद्द करने,मनरेगा कानून बहाल करने,महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने सहित 17 मांग मांग पत्र में शामिल रही ज्ञापन किसान सभा के अध्यक्ष सलीम अंसारी, सी.पी.एम. के नगर सचिव अखलाक़ खान, सी.पी.एम. जिला कमेटी के मेंबर्स पूर्व चेयरमैन शराफत हुसैन, नौजवान सभा के सद्दाम अंसारी, मो शहजाद, उस्मान अंसारी आदि ने दिया।



## सूचना

मेरे पुत्र मौ. सआद सलीम खान MOHD SAAD SALEEM KHAN के विद्यालय अभिलेखों में प्रवेश के समय भूल से पिता का नाम सलीम खान SAALEEM KHAN दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SAALEEM AHMAD KHAN है। भविष्य में मुझे इसी नाम व स्पेलिंग से जाना जाएं।

**-सलीम अहमद खान पुत्र तौकीर अहमद, निवासी मौ. महल सराय नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

# विधायक ओमकुमार ने कांवड़ियों पर फूल बरसाये

**नहटौर ( चिंगारी )।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्तों (कांवड़ियों) का नहटौर-झालू चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नहटौर विधायक ओम कुमार ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा फल वितरित किए। पूरे प्रांगण में 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे गूंजते रहे। विधायक ओम कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और भक्ति का अद्भुत प्रतीक है। दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों की सेवा करना अत्यंत सौभाग्य की बात है। उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया और अधिकारियों को यात्रा सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। कांवड़ियों के स्वागत कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उप जिलाधिकारी धामपुर नितिन कुमार, तहसीलदार धनराज सिंह, क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष, अंकुश अग्रवाल, प्रशांत वर्मा, शिवम त्यागी, कपिल शर्मा, शाश्वत रस्तोगी, सावन वाल्मीकि, मोहित भारद्वाज, विनीत शर्मा, डॉ. उर्मिला पाल, तुषार चौधरी दिव्यांशु, महावीर सैनी, राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे। नगर पालिका की विशेष टीम एवं राजस्व विभाग से लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।


कांवड़ को कंधे पर उठाते हुए विधायक ओमकुमार

# शुरू में ही अस्पताल ले जाते तो बच सकती थी रेखा की जान

## कोबरा सांप के काटने से महिला की मौत

**मंडावर ( चिंगारी )।** पशुओं के लिए कुट्टी काटने की मशीन के पास से चारा उठाते हुए वहां रखे भूसे के बोरों के पास बैठे कोबरा सांप ने महिला के हाथ की अंगुली में काट लिया। परिजन महिला को पहले बिजनौर झाड़ फूंक वाले के यहाँ ले गए बाद में परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। रविवार को गाँव खैरपुर शहबाजपुर निवासी 55 वर्षीय रेखा देवी पत्नी सुरेश राजपूत घर में लगी कुट्टी काटने की मशीन के पास से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। चारा भरते समय वहां रखे भुस के बोरो के पास बैठे कोबरा सांप ने महिला के हाथ की ऊँगली में काट लिया। सांप के काटने की बात का पता लगते ही परिजन महिला को बिजनौर घंटाघर के पास एक झाड़ फूंक कर सांप का जहर उतारने वाले के पास पहुंचे। बाद में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। महिला को मृत घोषित करने के बाद भी परिजन मृत महिला को गंज में सपेरों के पास ले गए लेकिन सपेरों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गौशाला की हालत बहुत गंदी, भाकियू ने की ब्लॉक में की तालाबंदी



**किरतपुर ( चिंगारी )।** गौशाला में अव्यवस्थाओं के खिलाफ भाकियू अराजनीतिक ने धरना देकर ब्लॉक ऑफिस में ताला बंदी कर दी और दो टूक शब्दों में कहा व्यवस्था ठीक होने तक तथा भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होने तक धरना जारी रहेगा। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक ऑफिस परिसर में आज धरना 11 बजे शुरू किया। दोपहर 12:30 बजे ब्लॉक ऑफिस के गेट पर ताला लगा दिया और कर्मचारियों को बंद कर दिया सभी कर्मचारी अंदर हाल में चले गए। समाचार लिखे जाने तक किसानों का धरना जारी था धरने पर हितेश चौधरी, सशक्त राजपूत, विनोद चौहान, पदम राणा, मुकुल राजपूत, नीरज कुमार, सुरेंद्र सिंह, अरुण कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे। धरने की अध्यक्षता राजेंद्र मोहन चौहान ने की तथा संचालन दिनेश चौहान ने किया।

# आया सावन का दूसरा सोमवार, मंदिरों में उमड़ी भीड़ अपार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सावन के दूसरे सोमवार के अवसर पर शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बालाजी मंदिर, पंचायती मंदिर, 84 घंटा मंदिर, शुगर मिल शिव मंदिर, गीता नगरी शिव मंदिर, काली मंदिर, चामुंडा मंदिर, शिव मंदिर नई बस्ती, पंचमुखी मंदिर, बाबा शिव मंदिर अचारजान पर भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालु हर-हर महादेव और बोल बम जयकारो के साथ अपनी बारी का इंतजार करते हुए शिवलिंग पर जल, दूध और बेलपत्र अर्पित करते नजर आए। सावन के सोमवार पर श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय माहौल से भर दिया।



# क्षेत्रीय बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार शाम शुभम मंडप में आयोजित किया गया। समारोह में जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के पूर्व अध्यक्ष राजीव चौहान एडवोकेट ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चौधरी अरुण प्रताप सिंह एडवोकेट व महासचिव प्रशांत चौहान एडवोकेट सहित पूरी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मंचासीन अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण से किया। इसके बाद विधिवत रूप से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद की शपथ ग्रहण की। जिसमें चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने अध्यक्ष, प्रशांत चौहान ने महासचिव, सतेन्द्र कुमार ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शहजाद ने कनिष्ठ उपाध्यक्ष, शिखर चौधरी ने संयुक्त सचिव, सौम्य अग्रवाल ने ऑडिटर, दिनेश कुमारी




वनरगिश ने संयुक्त सचिव तथा विवेक राज सोनी ने मीडिया प्रभारी पद की शपथ ली।

समारोह में मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे युवा अधिवक्ता शुभम चौधरी ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करेगी तथा बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास करेगी। क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिया कि वह सभी के मान सम्मान की रक्षा करते हुए उनके अधिकारों के लिए संघर्षरत रहेंगे। उनका प्रयास सभी अधिवक्ता साथियों को साथ लेकर चलने का रहेगा। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि उन्हें वकालत करते हुए 51 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1986 में वह बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष बने थे। उसी दौरान उन्होंने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के समक्ष ग्राम न्यायालय की स्थापना की मांग उठाई थी, जिसके बाद धामपुर में ग्राम न्यायालय की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने हमेशा न्याय व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन को सुलभ न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### समारोह में यह रहे उपस्थित

समारोह में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव नवदीप सिंह, पूर्व सचिव नरदेव सिंह, संजय चौधरी एडवोकेट, शुभम चौधरी एडवोकेट, संरक्षक प्रमोद कौशिक, संरक्षक रमेश सैनी, संरक्षक गजेंद्र वीर सिंह, विवेक सोनी, शाहनवाज एडवोकेट, विशाल भारती, आशीष शर्मा, तुषार रघुवंशी, विशाल कुमार, मोहित चौहान, सौरभ राजपूत, अरुण चौहान, कुलवीर सिंह, जावेद उमर एडवोकेट, विरेंद्र सिंह चौहान, भीम सिंह, डॉ. हिमांशु दक्ष, आजादवीर सिंह, सचिन, राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता क्षेत्रीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने की तथा संचालन कर्मवीर सिंह एडवोकेट और विवेक राज सोनी ने संयुक्त रूप से किया।

# संजीव मिश्रा के घर पहुंचकर प्रिशा की मौत पर दुख व्यक्त किया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के पत्रकार संजीव मिश्रा की लगभग सात वर्षीय बिटिया प्रिशा की असामयिक मृत्यु से जनपद सहित पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। संजीव मिश्रा के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने जनपद समेत अन्य क्षेत्रों के मीडियाकर्मी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व आमजन लगातार पहुंच रहे हैं।

संजीव मिश्रा के आवास पर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों व मीडियाकर्मियों में पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, भाजपा नेता उदयपाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह, आरके सिंह (रिटायर्ड आईएएस), चिंगारी संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (पंजीकृत) के जिला महामंत्री अनिल चौधरी, किसान यूनियन (प्रधान) के मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चाहल, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री (संगठन) डॉ नरेश पाल, मंडल अध्यक्ष डॉ भानु प्रकाश वर्मा, जिलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, तहसील अध्यक्ष अवनीश शर्मा, पत्रकार सतीश चंद्र त्यागी, समाजसेवी शमीम मामा, कांग्रेस के नहटौर विधानसभा प्रभारी सलीम अहमद, विधान सभा अध्यक्ष हरिराज केसरी, कार्यालय प्रभारी अनिल त्यागी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष काजी आतिफ अली, नहटौर



जिला सचिव सुकेश कुमार, रिटायर्ड एस बी आई मैनेजर वेदप्रकाश, जितेंद्र प्रधान, मिंटू, दीपक सिकंदर आदि शामिल रहे। उधर रोटरी क्लब हल्दौर, इनर व्हील क्लब हल्दौर व भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) आदि के पदाधिकारियो ने भी संजीव मिश्रा के आवास पर पहुंचकर उनकी बिटिया के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया।

# मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**चांदपुर ( चिंगारी )। सावन के द्वितीय सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओ की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओ ने पंचामृत के साथ भगवान शंकर को जलाभिषेक कर फल, फूल,भाग, धतूरा, बेलपत्र अर्पित कर मन्नत मांगी। श्रद्धालुओं ने उपवास भी रखा। आज सुबह से ही ग्राम स्याऊ स्थित बाबा झारखंड शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओ ने भगवान शंकर का विशेष श्रृंगार किया तथा भगवान शंकर की पूजा कर उनको जल, फल फूल बेलपत्र अर्पित किए तथा मन्नत मांगी, ऐसी मान्यता है कि बाबा झारखंड शिव मंदिर में मांगी गई मन्नत भगवान शंकर अवश्य पूरी करते हैं।**

# समारोह की सफलता के लिये जनसम्पर्क किया

**गंज ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर के तत्वावधान में 30 अगस्त को बिजनौर में होने वाले सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता के लिए सोसाइटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सैनी बाहुल्य गांवों में जनसंपर्क करके सम्मान समारोह को सफल बनाने की अपील की। रविवार को सोसाइटी के अध्यक्ष प्रधान कल्याण सिंह सैनी के नेतृत्व में लखपत नगर,निजामतपुरा, जहानाबाद गांवड़ी चंदनपुरा, लदुपुरा, हरी नगर आदि गांवों में जनसंपर्क करते हुए आगामी 30 अगस्त को शहनाई वेंकट हॉल बिजनौर में होने वाले सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने की अपील की। जनसंपर्क में देवेंद्र सैनी, मास्टर राजपाल सैनी, अनिल सैनी, प्रधान शिवचरण सैनी, दीपक सैनी, कल्याण सिंह सैनी का योगदान रहा।

# वाहन की चपेट में आकर लैब टेक्नीशियन की मौत

**नहटौर ( चिंगारी )। ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे निजी अस्पताल के लैब टेक्नीशियन की अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। वही अज्ञात वाहन की चपेट के आने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति गंभीर घायल हो गया।**



मृतक शानू का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार ग्राम समसपुर निवासी शानू पुत्र मूलचंद नहटौर के निजी अस्पताल की लैब पर टेक्नीशियन था। रविवार की देर रात्रि को वह अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था। नूरपुर रोड स्थित चक गोवर्धन के पास किसी वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शानू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद भेजा। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वही रात्रि में ही ग्राम खंडसाल के पास नहटौर के मौहल्ला जोशियान निवासी कोमल शर्मा (55 वर्ष) पुत्र इमरत शर्मा अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां से हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया।

# रामा इंस्टिट्यूट का डी फार्मा का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत







**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन का डीफार्मा प्रथम वर्ष का परीक्षाफल परीक्षा बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन लखनऊ द्वारा घोषित किया गया 7 डीफार्मा के प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अन्ना ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अश्वनी शर्मा ने 66.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, अजय कुमार ने 66 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्य डॉ.डबलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपप्राचार्य डॉ.रवीश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विभागाध्यक्ष चंद्रमोहन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों को पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय बताते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। मिस अनम ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

# शेरकोट में 'हम' संस्था ने कराया बाल क्रिकेट टूर्नामेंट



**शेरकोट ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था हम वैलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित किये गये बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में रहमान क्लब ने सलाम क्लब को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। चार टीमों के बीच खेले गए नॉकआउट मुकाबले में विजेता और उपविजेता टीम सहित सभी खिलाड़ियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम मिर्जापुर मार्ग पर ईंट भट्टे के निकट मैदान में रविवार को खेले गये टूर्नामेंट का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष मौ शादाब ने फोता काटकर किया। इसके बाद पहला मैच यूनिक क्लब और सलाम क्लब के बीच खेला गया। सलाम क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर मे 70 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में यूनिक क्लब की टीम 68 रन पर सिमट गई। रोमांचक मुकाबले में सलाम कलब ने 2 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। शादमान को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मुकाबला रहमान क्लब और अटलस क्लब के बीच हुआ, जिसमें पहले बल्लेबाज़ी करते हुए रहमान क्लब ने 96 रन बनाए, जिसके जवाब में

## रहमान क्लब ने जीता फाइनल मैच

अटलस क्लब 76 रन ही बना पाई। अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुजम्मिल को मन ऑफ़ दा मैच दिया गया। इसके बाद तीसरा और फाइनल मुक़ाबला रहमान क्लब और सलाम कलब के बीच खेला गया, जिसमें रहमान क्लब पहले बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 60 रन ही बना सका। रहमान क्लब के खिलाड़ियों ने बेहतरीन गेंदबाज़ी और फील्डिंग कर सलाम क्लब को 41 रन पर ही समेटकर जीत दर्ज कर दी। उम्दा प्रदर्शन करने वाले मुजम्मिल को मैन ऑफ़ दा मैच और मन ऑफ़ दा टूर्नामेंट दिया गया। संस्था की ओर से विनर और रनर टीम को ट्रॉफी देकर और टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर हौसला अफजाई की गई। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष मोहम्मद शादाब, नदीम अहमद, नबील अहमद, मौ. आसिम आदि ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

# मालन नदी में बढ़ा बारिश का पानी सीसीटीवी से की जा रही तटबंध की निगरानी

बिजनौर ( चिंगारी )। मालन नदी के अचानक उफान पर आने और फ्लैश फ्लड की आशंका को देखते हुए सिंचाई विभाग ने यूसुफपुर-बाकरपुर तटबंध की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है। तटबंध के संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं। इनके माध्यम से तटबंध की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

अफजलगढ़ सिंचाई खंड, धामपुर की ओर से बाढ़ सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। मालन नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के दौरान तटबंध पर दबाव बढ़ने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए विभागीय अधिकारी और कर्मचारी सतर्क हैं तथा तटबंध के संवेदनशील स्थलों का नियमित निरीक्षण कर रहे हैं।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार सीसीटीवी कैमरों की मदद से तटबंध की स्थिति पर दूर से भी नजर रखी जा रही है। नदी के जलस्तरए बहाव और तटबंध में किसी तरह की हलचल या क्षति के संकेत मिलने पर तत्काल जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इससे संभावित खतरे की स्थिति में समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे।

विभाग ने तटबंध की निगरानी के लिए अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। संवेदनशील स्थानों पर लगातार नजर रखने के साथ नियमित निरीक्षण भी किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग पहले सूचना, तत्काल कार्रवाई के सिद्धांत पर काम कर रहा है।

आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और मानवीय निगरानी के समन्वय से तटबंध की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सीसीटीवी कैमरें लगाए जाने से अब तटबंध की 24 घंटे नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

## कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

**अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के एसडीओ पंकज कुमार जैन ने बताया कि यूसुफपुर-बाकरपुर तटबंध सुरक्षित है और मालन नदी के जलस्तर व बहाव पर लगातार नजर रखी जा रही है। फ्लैश फ्लड की आशंका को देखते हुए तटबंधक पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गये हैं। कर्मचारी भी रात में तटबंध पर ड्यूटी दे रहे हैं।**

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने व अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

रायपुर सादात ( चिंगारी )। एक युवक द्वारा एक किशोरी को अपने जाल में फंसा कर पहले उसे नशीला पदार्थ खिलाया, उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को बंदी बनाकर दुष्कर्म तथा पोक्सो एक्ट के तहत उसका चालान कर दिया।

थाना नगीना देहात क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ग्राम बबनपुरा थाना कोतवाली शहर निवासी एक युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया। जब परिजनों को पता चला तो पीड़िता के पिता ने आरोपी युवक के विरुद्ध नगीना देहात पुलिस में 3 अगस्त को तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह ने उप निरीक्षक निर्तेद्र सिंह तथा कांस्टेबल आमिर व कांस्टेबल कार्तिक के साथ आरोपी युवक को बंदी बना लिया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट तथा अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के आरोप में आरोपी युवक का चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह ने मनचले तथा शरारती किस्म के युवकों को चेतावनी देते हुए कहा यदि किसी ने मां बहन,बहू बेटी की तरफ बुरी नजर से देखा तो उनके साथ सख्ती के साथ निपटा जाएगा।

# निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में दो माह बाद रिपोर्ट दर्ज

धामपुर ( चिंगारी )। करीब दो महीने पहले धामपुर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने अस्पताल संचालक और उसके सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर हुई इस कार्रवाई के बाद मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

जानकारी के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव ज्योतिमा, मुकदपुरी निवासी नितिन कुमार की पत्नी आरती (26 वर्ष) को गत 27 जून को प्रसव के लिए धामपुर स्थित साईं अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल संचालक कुलदीप कुमार ने परिजनों को सामान्य प्रसव का आश्वासन दिया था।

आरोप है कि प्रसूता की डिलीवरी सामान्य तरीके से कराने के बजाय ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के करीब एक घंटे बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। उपचार के दौरान 28 जून की तड़के उसकी मौत हो गई।

महिला की मौत के बाद मामला स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में आया। विभाग की ओर से प्रकरण की जांच कराई गई। जांच के दौरान अस्पताल के संचालन और प्रसूता के उपचार को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए। रिपोर्ट में अस्पताल के कथित रूप से अनधिकृत तरीके से संचालित होने का भी उल्लेख किया गया है।

# आकाश मित्तल को विहिप का नगर अध्यक्ष बनाया



चांदपुर ( चिंगारी )। नगर के मुहल्ला गोकुलनगर निवासी युवा ज्वैलर्स आकाश मित्तल के विश्व हिन्दू परिषद का नगर अध्यक्ष बनने पर हिन्दू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओ ने उन्हें गुलाब का फूल देकर व मुंह मीठा कराकर बधाई दी। हिन्दू संगठनों से जुड़े अर्पित गोयल, वीरेन्द्र राजपूत, मनमोहन अग्रवाल, विपिन बंसल व प्रशांत गर्ग मंडी कोटला स्थित विश्व हिन्दू परिषद के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष आकाश मित्तल की शाप पर पहुंचे तथा विहिप का नगर अध्यक्ष बनने पर आकाश मित्तल का स्वागत किया।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# किसानों के आगे पुलिस की नहीं चली आज होने वाली पंचायत टली



थानाध्यक्ष को ज्ञापन देते हुए भाकियू पदाधिकारी।

स्योहारा ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन की मासिक मीटिंग क्षेत्र के ग्राम मलकपुर बुडेरन मे हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह टिकैत ने बताया आज थाने पर होने वाली पंचायत ग्राम कमेटी से परामर्श के बाद स्थगित कर दी गई। उन्होंने बताया थाने से जुड़ी समस्याओं पर थाना अध्यक्ष से वार्ता मे किसान अपने खेत से अपने कार्य के लिए मिट्टी ला सकते हैं। उप जिलाधिकारी या अन्य राजस्व अधिकारी के आदेश बिना पुलिस किसी भी किसान को परेशान नहीं करेगी।

चौधरी गजेन्द्र सिंह ने मांग की कि किसानों की जमीन के सर्किल रेट बढ़ाए जाए। जिन किसानों की जमीन हाईवे में जाएगी, उन सभी किसानों को सर्किल रेट का 10 गुना पैसा मिलना चाहिए। हाईवे के दोनों ओर सर्विस रोड और गांव के हिसाब से जगह-जगह अंडर पास बनाए जाएं। क्षेत्र में गुलदार की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। खेतों पर किसानों की जान का खतरा बना हुआ रहता है, जिसके लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाना होगा। स्योहारा से मलकपुर बुडेरन तक सड़क में काफी गहरे गड्ढे हैं, जिसे शुगर मिल चालू होने से पहले बनवाने की मांग उठाई गई। इन सभी मांगों के लिए जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार राजकुमार को सौंपा गया।

ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा किसानों की आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर गजराम सिंह, मलखान गुर्जर, भूपेंद्र सिंह, राजीव त्यागी अमित कुमार, विरेन्द्र प्रधान, सुखवीर सिंह, वनटी कुमार, फयाजुद्दीन, हरिओम यादव, यशपाल सिंह आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# कांविड़यों की सुरक्षा में लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ गुलदार



**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर भगवान में भट्टे के पास धामा राणा के खेत में वन अधिकारियों ने 27 जुलाई को कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले ही सुरक्षा के मद्देनजर पिंजरा लगाया था। वन अधिकारियों द्वारा पिंजरे की लगातार निगरानी की जा रही थी। शनिवार देर शाम को पिंजरे में एक नर गुलदार कैद हो गया। गुलदार को देखने के लिए आसपास के ग्रामों के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलने पर नगीना के वन क्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा तथा हलके के वन दरोगा धर्मेंद्र तथा हमराही लाल सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया गुलदार नर है और इसकी उम्र करीब 6 वर्ष है। वन अधिकारियों ने गुलदार को रेस्क्यू कर चौकी ले गए। उन्होंने बताया गुलदार का मेडिकल कराने के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर किसी सुरक्षित स्थान या किसी आश्रय गृह में छुड़वाया जाएगा।

## चांदपुर क्षेत्र में गुलदार, नज़र आ रहा बार-बार

### वन विभाग ने पाहुली रोड पर भी लगाया पिंजरा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के अनेक गांवों के गुलदार की सक्रियता देखने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में गुलदार को पकड़ने के लिए पाहुली रोड पर वन विभाग की और से एक ओर पिंजरा लगाया गया है। क्षेत्र के ग्राम हीमपुर बुजुर्ग, कराल रोड, सूंदरा, जलालुद्दीनपुर, बास्टा रोड के जंगलों में गुलदार दिखाई दे चुका है। गुलदार के भय से किसान अकेले जंगल जाते हुए घबरा रहे हैं। ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में गुलदार दिखाई देने से वनविभाग की ओर से 5 दिन पूर्व शौ सिंह के नलकूप पर पिंजरा लगाया गया था, लेकिन गुलदार पिंजरे में नहीं फंस पाया है। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने रविवार को पाहुली रोड पर एक और पिंजरा लगा दिया। तीन दिन पूर्व चांदपुर-कराल रोड पर भी गुलदार दिखाई दिया था। उधर से गुजरने वाले राहगीरों ने गुलदार की वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। वनविभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सर्तकता बरतने, अकेले जंगल न जाने तथा बच्चों को जंगल न भेजने का अनुरोध किया है।

# बढ़ापुर विधानसभा में विकास की रफ्तार तेज

## विधायक सुशांत सिंह के प्रयासों से लगातार हो रहा सड़कों का निर्माण





विधायक सुशांत सिंह

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह के सौजन्य एवं प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और संपर्क मार्गों पर सड़क निर्माण एवं सुधार कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। गुलदार के हमले से एक बच्चे मौत के बाद विधायक सुशांत सिंह पीड़ित परिवार से मिलने गए थे । इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने कहा कि वे सड़कों की समस्या से जूझ रहे हैं। विधायक सुशांत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर सड़क निर्माण के लिए कहा। 9 अगस्त को गांव टांडा माई दास में विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी की देख-रेख में सड़क का निर्माण शुरू हो गया। क्षेत्र में नई सड़कों के निर्माण के साथ-साथ पुराने मार्गों के सुधार पर भी जोर दिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को मुख्य मार्गों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी और किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा आम लोगों का आवागमन सुगम होगा। विधायक सुशांत सिंह का कहना है कि बढ़ापुर विधानसभा का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क मिले और लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

# संत रविदास जी की चरण रज कलश यात्रा का स्वागत किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** संत शिरोमणि रविदास जी महाराज समरसता संकल्प यात्रा जो संत रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके जन्म स्थान वाराणसी से लाई गई पवित्र चरण रज कलश यात्रा ग्राम कुम्हैडा में फूल सिंह (जिला उपाध्यक्ष भाजपा) के नेतृत्व में पहुंची। उनके साथ भाजपा किरतपुर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र मलिक, मंडल महामंत्री सोनू सैनी व देवेंद्र तोमर, मंडल उपाध्यक्ष रिंकू चौधरी एवं शिवलाल कश्यप तथा आकाश चौधरी आदि थे। गांव पहुंचने पर जागरूक ग्राम वासियों अवनीश निर्वाल, विक्रांत चौधरी, दिनेश निर्वाल, निक्की चौधरी, सोपाल सिंह, प्रधान विपिन निर्वाल, संदीप शर्मा, जयपाल सैनी, डॉ. रामकुमार, मुकेश कुमार, पिंकू कुमार, मोहित कुमार, भारत डीलर, बॉबी, राजू मिस्त्री, नैन सिंह पेंटर, दानवीर सिंह, नीरज कुमार, सुमित कुमार, अरविंद कुमार, विकास कुमार, नवीन कुमार, हरमन, सत्येंद्र कुमार (मिष्ठान भंडार), गौरव बाल्मीकि, राजेश बाल्मीकि आदि आदि ने स्वागत किया। बाद में कलश यात्रा को गांव के दोनों रविदास मंदिरों तक ले गए एवं रविदास जी की मूर्ति के सामने पूजा अर्चना की।

# गुलदार ने गौवंश को निवाला बनाया

**पैजनिया ( चिंगारी )।** बीती रात क्षेत्र के गांव शरीफपुर में गुलदार ने गोवंश (बछड़े) को निवाला बना लिया। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई। हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी किसान मजदूर संगठन के जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि स्थानीय प्राथमिक विद्यालय के सामने नहर के जंगल की ओर जा रहे रास्ते के किनारे मसीता के खेत में गुलदार द्वारा खाए हुए मृत गोवंश (बछड़े) को चारा लेने जंगल जा रहे ग्रामीणों ने देखा तो उनमें गुलदार की दहशत व्याप्त हो गई और वह बिना चारा लिए वापस लौट गए। गांव के सोनू कुमार, सुनील कुमार, सुरेंद्र सिंह, विमल त्यागी, रोहताश सिंह, अमन कुमार, नितिन कुमार आदि ने वन विभाग के अधिकारियों से गांव के जंगल में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी चांदपुर दुष्यंत कुमार ने बताया कि मौके पर टीम भेज कर पिंजरा लगाया जाएगा। वहीं पैजनिया पुलिस चौकी के प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि मृत गोवंश (बछड़े) को दफनाने की तैयारी की जा रही है।

# चोरी किये गये मोबाइलों के साथ पांच आरोपी आये पुलिस के हाथ

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )। मोबाइल चोरी के पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी के पास से आठ चोरी किये गये मोबाइल फोन व दो बाइक भी बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव सरय डड्डूम्बर के पास कछ लोग आम के एक बाग में किसी घटना को अंजाम देने के इरादे से एकत्र हुए। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने चांदपुर थाना क्षेत्र से मोबाइल चोरी करने की बात कही। पुलिस ने आरोपियों के पास से आठ मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयोग की गई दो मोटरसाइकिल बरामद कीं। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम अजहर पुत्र मोहम्मद उमर मोहल्ला मिल्कियान थाना किरतपुर, उजैर पुत्र इकबाल, अमन पुत्र असीम, अनस पुत्र अनीश, मोहल्ला राधगानं थाना किरतपुर, शाहरुख पुत्र वसीम निवासी मोहल्ला वली, किरतपुर बताया। पुलिस ने सभी पांचो व्यक्ति को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। पुलिस ने यहभी बताया कि ये सभी शातिर किस्म के चोर है। जनपद तथा जनपदों के अन्य थानो में भी इनके विरूद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज है।**

# हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नारी शक्ति संगठन की सभी बहनों ने मिलकर जैन धर्मशाला में हरियाली तीज का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने हरियाली तीज महोत्सव के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन माता पार्वती ने कई हजार साल की कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम, मेहंदी, बूझो तो जाने, हरियाली तीज से संबंधित प्रश्न, अंताक्षरी, नृत्य गायन, भजन आदि मनोरजन के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में संगठन की महामंत्री शारदा चौधरी, गार्गी अग्रवाल, उपाध्यक्ष निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, संतोष, रिंकी मसीह, मंत्री मनीषा गुप्ता, करुणा अग्रवाल, रश्मि तोमर, अंशु बिश्नोई, सुनीता शर्मा, शीतल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल मीडिया प्रभारी माही मसीह आदि बहनें उपस्थित रही।

# नचना नदी के पास टूटी पड़ी दीवार जलस्तर बढ़ने पर हादसे के आसार

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर क्षेत्र में नचना नदी के समीप लंबे समय से टूटी पड़ी दीवार अब लोगों के लिए गंभीर खतरे का कारण बनी हुई है। इन दिनों वर्षाकाल चल रहा है और बारिश के दौरान नचना नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है। ऐसे में क्षतिग्रस्त दीवार के समीप से गुजरने वाले राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों पर हादसे का खतरा बना हुआ है। मौके पर नदी के किनारे बनी दीवार कई स्थानों पर टूटी दिखाई दे रही है। दीवार के आसपास घास-फूस उग आई है और नदी में कूड़ा-कचरा भी जमा है। रास्ता संकरा होने के कारण यहां से निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के दौरान यदि नदी का जलस्तर बढ़ता है तो स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। पूर्व सभासद शम्मन ने कहा


नचना नदी के समीप टूटी पड़ी दीवार और नदी किनारे पसरी गंदगी।

कि नचना नदी के किनारे क्षतिग्रस्त दीवार की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। वर्षाकाल में नदी कभी भी उफान पर आ सकती है ऐसे में किसी बड़े हादसे का इंतजार करना उचित नहीं है। उन्होंने नगर पालिका अफजलगढ़ से तत्काल मौके का निरीक्षण कराकर टूटी दीवार की मरम्मत कराने तथा नदी किनारे सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वर्षाकाल के दौरान विशेष निगरानी रखनी चाहिए ताकि नदी का जलस्तर बढ़ने पर किसी तरह की जनहानि न हो। लोगों ने जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी का कहना है कि टेंडर हो गया है, जल्द ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

# चल रहा सावन का महीना शिवमय हो गया नगीना

## मनमोहक कांवड़ों ने खींचा लोगों का ध्यान

**नगीना ( चिंगारी )।** सावन के दूसरे सोमवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे कांवड़ियों का नगीना से होकर निकलने का सिलसिला तेज हो गया। सोमवार को बड़ी संख्या में शिवभक्त आकर्षक और मनमोहक कांवड़ लेकर नगीना पहुंचे। कांवड़ियों के जत्थों से नगर का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। सुबह से ही नगर के प्रमुख मार्गों पर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। कांवड़ियों के साथ चल रहे डीजे और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान कई कांवड़ें अपनी भव्य सजावट और अनूठे स्वरूप के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। मनमोहक कांवड़ों को देखने के लिए नगरवासी भी बड़ी संख्या में सड़कों पर उमड़ पड़े। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई कांवड़ियों की भक्ति और उनकी सजी हुई कांवड़ों को निहारता नजर आया। जगह-जगह लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत कर उन्हें जलपान कराया। कल महाशिवरात्रि के पर्व के नजदीक आते ही कांवड़ियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कांवड़ियों के जत्थों के चलते नगीना का वातावरण इन दिनों 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंज रहा है।


कंधे पर कांवड़ ले जाती महिला व पुरुष श्रद्धालु।

# गंगा में आये उफान के कारण शवदाह करना मुश्किल हुआ

## राहुल राजपूत ने प्रशासन से लगाई गुहार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले में पिछले कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश ने आम जनता की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। सड़कें और घरों में पानी भरने के बाद अब अंतिम संस्कार करना भी बेहद मुश्किल हो गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार वर्षा के कारण गंगा में उफान के कारण जनपद के अधिकांश श्मशान घाटों में जलभराव हो गया है। शवदाह के लिए सूखी जगह न मिलने और लकड़ी के गीला होने से शोकाकुल परिवारों को घंटों भटकना पड़ रहा है। हिन्दू ब्लड बैंक सेवा चेरिटेबिल ट्रस्ट के संस्थापक राहुल राजपूत ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर एक प्रार्थना पत्र देकर समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से अंतिम संस्कार करने में आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहुल ने मांग की है कि प्रशासन ऊंचे स्थानों पर अस्थायी व्यवस्था, टेंट और लकड़ी उपलब्ध कराए। साथ ही नगर पालिका और ग्राम पंचायतों के माध्यम से पानी निकासी की व्यवस्था कराई जाए ताकि लोगों को सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने में सुविधा हो सके।



# खेत में टूटे पड़े तार की चपेट में आकर किसान की मौत

**रायपुर सादा ( चिगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर में पूर्व प्रधान उमेश कुमार अपने खेत पर घूमने गए थे, जहां पर एचटी लाइन का तार खेत में टूटा हुआ पड़ा था। तार की चपेट में आने से पूर्व प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पूर्व प्रधान उमेश कुमार (50) अपने खेतों पर शनिवार शाम के समय घूमने गए थे। खेत पर एचटी लाइन का टूटा पड़ा था, जिसकी चपेट में आकर उमेश कुमार की मौके पर मौत हो गई। शनिवार शाम से लेकर रात तक परिजन तलाश करते रहे और रिश्तेदारों को भी फोन कर पता किया। रविवार सुबह जब कुछ किसान खेतों पर पहुंचे तब घटना की जानकारी परिजनों को मिली, तब तक वह खेत पर पड़े रहे। मौके पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही शुरू की व बिजली विभाग हरेवली उपखंड क्षेत्र को भी सूचना दी। इस संबंध में हलका उपनिरीक्षक विष्णु शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया एचटी लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। इस संबंध में विद्युत जेई सुनील कुमार ने बताया मौके पर पहुंच कर जांच की गई है फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विभाग की ओर से जो भी उचित मुआवजे कार्रवाई होगी कराई जाएगी।


उमेश का फाइल फोटो

# गूंज रहे भोले के जयकारे दिख रहे हैं अद्भुत नज़ारे

**पैजनिया ( चिंगारी )।** श्रावण माह की शिवरात्रि के नजदीक आते ही हरिद्वार से गंगाजल लेकर बड़ी संख्या में कांवड़िए पैजनिया चौराहे से होकर गुजर रहे हैं। आज सावन के दूसरे सोमवार को इनके बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। चौराहे से चांदपुर तक जगह-जगह कांवड़ियों की सेवा के लिए भंडारे चल रहे है, जहां पर दवाई, नहाने एवं भोजन की पूर्ण व्यवस्था की गई है। करनपुर मंदिर पर ग्रामीणों की मदद से दिन रात भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कांवड़िये अपनी मनोकामनाओं को लेकर सुंदर-सुंदर सजी हुई कांवड़ों को 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ अपने-अपने गंतव्य की ओर चले जा रहे हैं। भगवा वस्त्र, रुद्राक्ष की माला और हाथों में त्रिशूल लिए कांवड़िये अनुशासित कतार में चलते हुए शिवभक्ति का संदेश दे रहे हैं। डीजे पर बज रहे भजन और शिव भक्तों के जयकारों से चौराहे का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। राहगीर भी कुछ देर रुककर इस आस्था के नजारे को देखते नजर आए। पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौराहे पर एवं रास्ते में अतिरिक्त बल तैनात किया है। रास्ते में स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस सेवा भी चल रही हैं।



# नशीले इंजेक्शनों की तस्करी में 4 अभियुक्त गिरफ़्तार

**नैनीताल ( चिंगारी )।** डॉ. मंजूनाथ टीसी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फरत्याल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा देखरेख शांति व्यवस्था एवं गश्त के दौरान 04 अभियुक्तों को नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया गया। गत 9 अगस्त को थाना बनभूलपुरा पुलिस टीम द्वारा शांति व्यवस्था की देखरेख, गश्त एवं संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान गौला रोखड़, जवाहर नगर, थाना बनभूलपुरा क्षेत्र से 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में समीर मौ. चांद पुत्र शफीक अहमद, निवासी वार्ड नं. 24, लाइन नं. 17, थाना बनभूलपुरा, नैनीताल, उम्र 25 वर्ष। जुबैर खान पुत्र पुतन, निवासी वार्ड नं. 24, गफूर बस्ती, थाना बनभूलपुरा, नैनीताल, उम्र 25 वर्ष। मो. जावेद पुत्र मो. याकूब, निवासी वार्ड नं. 24, गफूर बस्ती, थाना बनभूलपुरा, नैनीताल, उम्र 26 वर्ष। फरमान अली पुत्र सगीर, निवासी गफूर बस्ती, वार्ड नं. 24, थाना बनभूलपुरा, नैनीताल, उम्र 22 वर्ष शामिल हैं। अभियुक्तों के कब्जे से अलग-अलग कुल 25 अदद B-GESIC, Buprenorphine Hydrochloride, Injection (2 ml) तथा 25 अदद, Avil (Pheniramine, Maleate), Injection (10 ml) बरामद हुए।



पुलिस टीम की बड़ी कार्रवाई



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**मंगलवार, 11 अगस्त 2026**

मेष- वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, समस्या विशेष के सन्दर्भ में स्वयं का निर्णय लाभकारी, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति।

वृषभ- पारिवारिक व्यथा, सामयिक कार्यों में निराशा, सहयोगियों की गतिविधियों से मानसिक कष्ट, धन हानि की आशंका, प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल।

मिथुन- कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन, पारिवारिक सौहार्द, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मानसिक शांति, यात्रा सफल।

कर्क- लाभ का मार्ग प्रशस्त, व्यावसायिक क्षेत्र में उन्नति, जीवन में सुखशांति वातावरण, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से सहयोग।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, मान-प्रतिष्ठा-परक कृत्य सम्पन्न, विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ, मित्रों से अपेक्षित सहयोग।

कन्या- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चनें, मेल-मिलाप में अरुचि, धन की कमी, कर्ज की अदायगी समय पर न होने से मन अशांत।

तुला- ग्रहस्थिति अनुकूल, वैमनस्यता का समापन, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, परोपकार की भावना जागृत, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, यात्रा सुखद।

वृश्चिक-दिन बेहतर, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, लाभ का मार्ग प्रशस्त, राजनैतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, मेल-मिलाप में रुचि।

धनु- भाग्य उन्नति में सहायक, वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि, योजना साकार होने की दिशा में प्रयास, वैवाहिक जीवन में सुखशांति, यात्रा संतोषजनक, अध्यात्म में आस्था।

मकर- कार्य व्यवसाय में नुकसान, प्रगति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च की चिन्ता, नवउत्तरदायित्व के निर्वाह में सफलता, आपसी सम्बन्धों में तालमेल का अभाव।

कुम्भ- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, परोपकार की भावना जागृत, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित।

मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शारीरिक सुख, अकल्पित लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, विवाद का समापन।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# देहरादून एयरपोर्ट के टर्मिनल की सीलिंग से पानी का रिसाव

## जौलीग्रांट एयरपोर्ट के आगमन क्षेत्र में जिप्सम फॉल्स सीलिंग का हिस्सा क्षतिग्रस्त

## उड़ानों पर कोई फर्क नहीं पड़ा

डोईवाला/देहरादून (चिंगारी)। जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में सोमवार सुबह सीलिंग से पानी रिसाव का मामला सामने आया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) की टीम द्वारा फ्लाइट संचालन शुरू होने से पहले किए जा रहे नियमित निरीक्षण के दौरान आगमन (अराइवल) क्षेत्र में जिप्सम फॉल्स सीलिंग से पानी रिसता हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट अधिकारियों में हड़कंप मच गया और मेंटेनेंस टीम ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। हालांकि एयरपोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस घटना का किसी भी उड़ान संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और सभी फ्लाइटें निर्धारित समयानुसार संचालित होती रहीं।

एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह करीब छह बजे दैनिक उड़ानों के संचालन से पहले टर्मिनल भवन का रूटीन निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान मेजेनाइन फ्लोर पर स्थित आगमन क्षेत्र में जिप्सम फॉल्स सीलिंग का एक छोटा हिस्सा क्षतिग्रस्त मिला, जहां से पानी का रिसाव हो रहा था।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि प्रथम सिक्योरिटी होल्ड एरिया में स्थापित एक वाटर फाउंटेन को पानी सप्लाई करने वाली ड्रिंकिंग वाटर सिस्टम की पाइपलाइन में लगा वाटर फिल्टर पाइप क्षतिग्रस्त हो गया था। रातभर पाइप से पानी रिसता रहा, जिससे जिप्सम फॉल्स सीलिंग के एक हिस्से में पानी भर गया और उसका छोटा भाग पहली मंजिल के आगमन क्षेत्र में गिर गया।

गौरतलब है कि 14 फरवरी 2024 को लगभग 486 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित देहरादून एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन (फेज-2) का उद्घाटन किया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसका वर्चुअल शुभारंभ किया था। आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से लैस इस टर्मिनल भवन में उत्तराखंड की कला और संस्कृति की विशेष झलक भी दिखाई गई है।

## अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस सेवादल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**देहरादून (चिंगारी)।** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के निर्देश पर प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेमा पुरोहित के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'अगस्त क्रांति अमर रहे' जैसे नारों के साथ स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यात्रा में देशभक्ति का जोश और उत्साह देखने को मिला। तिरंगा यात्रा से पूर्व प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेमा पुरोहित ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता आंदोलन के अमर सेनानियों को नमन किया। इस अवसर पर हेमा पुरोहित ने कहा कि अगस्त क्रांति दिवस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के उस ऐतिहासिक अध्याय की याद दिलाता है, जब महात्मा गांधी के नेतृत्व में देशवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 'करो या मरो' का संकल्प लिया था। आज आवश्यकता है कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर देश की एकता, संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक सद्भाव की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करें। सेवादल अध्यक्ष हेमा पुरोहित ने कहा कि कांग्रेस सेवादल सदैव राष्ट्रहित, जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित रहा है। आज के दिन हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि देश की स्वतंत्रता और संविधान से प्राप्त अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समानता पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## देहरादून सड़क हादसे में बीटेक छात्रा की दर्दनाक मौत

### चार खंबा चौक पर मिक्सर ट्रैक्टर की चपेट में आई छात्रा, चालक हिरासत में

**देहरादून (चिंगारी)।** क्लेमेंटटाउन थाना क्षेत्र के चार खंबा चौक के पास रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा की मौत हो गई। छात्रा अपनी बड़ी बहन के साथ पैदल अपने कमरे की ओर जा रही थी, तभी पीछे से आए मिक्सर ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा ट्रैक्टर के नीचे आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मिक्सर ट्रैक्टर और उसके चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 8:45 बजे सूचना मिली कि चार खंबा चौक के पास एक युवती मिक्सर ट्रैक्टर के नीचे आ गई है। सूचना मिलते ही क्लेमेंटटाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को एंबुलेंस के माध्यम से वेलमेड अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान 18 वर्षीय वैष्णवी रावत पुत्री प्रदीप सिंह रावत, निवासी पटेलनगर, शादीपुर मेट्रो स्टेशन के पास, दिल्ली के रूप में हुई है। वैष्णवी देहरादून स्थित ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा थी और पढ़ाई के सिलसिले में देहरादून में रह रही थी। पुलिस को दी गई जानकारी में वैष्णवी की बड़ी बहन कृतिका रावत ने बताया कि दोनों बहनें चार खंबा चौक से पैदल अपने कमरे की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए मिक्सर ट्रैक्टर ने वैष्णवी को टक्कर मार दी, जिससे वह वाहन के नीचे आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना क्लेमेंटटाउन प्रभारी मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस ने मिक्सर ट्रैक्टर संख्या UP 12 BF 7297 तथा उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 2036 ओलंपिक की भारत में मेजबानी की मनोकामना

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने उठाई 'संकल्प कांवड़ यात्रा'

**हरिद्वार (चिंगारी)।** भारत वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करे, इस ऐतिहासिक संकल्प और मनोकामना के साथ उत्तराखंड की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने 'ओलंपिक 2036 संकल्प कांवड़ यात्रा' की शुरुआत की है। यात्रा का शुभारंभ आज सुबह 7:00 बजे हरिद्वार स्थित विश्व प्रसिद्ध 'हर की पैड़ी' से हुआ। हर की पैड़ी पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद देश में ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन का संकल्प लेते हुए गंगाजल उठाया।



हरिद्वार से शुरू हुई यह कांवड़ यात्रा अपने मार्ग पर आगे बढ़ते हुए रायवाला पहुंच चुकी है। यात्रा में खेल मंत्री के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला खिलाड़ी, एथलीट और स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। यात्रा के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से पूरा मार्ग गुंजायमान हो रहा है। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और खेल प्रेमियों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया जा रहा है। इस संकल्प कांवड़ यात्रा का समापन आज शाम ऋषिकेश के प्रसिद्ध वीरभद्र मंदिर में होगा। जहाँ खेल मंत्री रेखा आर्या भगवान शिव का पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक कर भारत की ओलंपिक मेजबानी की सफलता की कामना करेंगी।

# अगस्त क्रान्ति दिवस पर इंकाइयों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## स्वतंत्रता के मूल्यों को आने वाली पीढ़ी को समझायें : सुरेन्द्र नेगी



पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर कोटद्वार में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। झंडा चौक से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारों के साथ निकली यात्रा से पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने अगस्त क्रांति दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आज के ही दिन अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन ने निर्णायक रूप लिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के करो या मरो, के आह्वान ने देशवासियों में आजादी की नई ऊर्जा और संघर्ष का संकल्प पैदा किया। कहा कि आजादी हमें लंबे संघर्ष, त्याग और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से मिली है। इसलिए, हमारा दायित्व है कि हम स्वतंत्रता के मूल्यों को समझें और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। कहा कि आज के युवाओं को देश के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास जानना चाहिए, क्योंकि इतिहास केवल बीते हुए समय की कहानी नहीं है, बल्कि वह हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध कराता है। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मीना बछुवाण, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, महिला कांग्रेस महानगर सुधा असवाल, पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण, पार्षद बीना देवी, पूर्व पार्षद आशा चौहान और पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं आमजन शामिल रहे।

## कांग्रेस के नवमनोनीत प्रदेश सचिव का स्वागत किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार कांग्रेस में पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पौड़ी विधानसभा प्रभारी बलबीर सिंह रावत को प्रदेश कांग्रेस की नवगठित कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। इस अवसर पर पार्टी के मालवीय उद्यान स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश सचिव बलबीर सिंह रावत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. हरक सिंह रावत और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त प्रदेश सचिव बलबीर सिंह रावत ने कहा कि पार्टी हाईकमान की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे और सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।

## 25 ज़रुरतमंद छात्राओं की वर्ष भर की फीस जमा की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारत विकास परिषद की ओर से बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ मुहिम के तहत आर्य कन्या इण्टर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर 25 छात्राओं की वर्ष भर की फीस जमा करायी गयी। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के साथ-साथ उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। बेटियां हमारे समाज की शक्ति और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि परिषद आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा के लिए मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। वहीं विद्यालय के प्रबंधक आनन्द प्रकाश आर्य ने परिषद के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद सचिव प्रदीप अग्रवाल, महिला संयोजिका बीना मित्तल, मीनाक्षी शर्मा, गोपाल बंसल, राजेन्द्र जखमोला, राकेश मित्तल, तोताराम पांथरी और राजदीप माहेश्वरी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## भाजपा कार्यकर्ता जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभायें : हेमंत द्विवेदी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता तथा श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने अपने पांच दिवसीय गढ़वाल भ्रमण के दौरान वन विश्राम गृह पनियाली कोटद्वार एवं दुगड्डा में आयोजित पार्टी की संगठनात्मक बैठकों में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में निर्वाचन कर्मियों को सक्रिय सहयोग देने का आह्वान करते हुए कहा कि योग्य मतदाताओं का नाम सूची में शामिल रहे तथा अयोग्य मतदाता मतदाता सूची में शामिल न हो, इस बात का खयाल रखा जाना चाहिए। मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोटद्वार तथा दुगड्डा पहुंचने पर बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कोटद्वार भाजपा अध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भरत लाल, मंडल अध्यक्ष यमकेश्वर अनिल रावत, मंडल अध्यक्ष कालागढ मीनाक्षी चौधरी, मंडल अध्यक्ष जहरीखाल कल्याण सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष दुगड्डा दीपक ध्यानी, मंडल अध्यक्ष द्वारीखाल मनोज गुसाई और जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह आर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 12 अगस्त को होगी द्वारीखाल बीडीसी की बैठक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** द्वारीखाल ब्लाक की बीडीसी की द्वितीय त्रैमासिक बैठक 12 अगस्त को ब्लॉक सभागार में सुबह 11:00 बजे से आयोजित होगी। खंड विकास अधिकारी जयकृत सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक ब्लॉक प्रमुख बीना राणा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। मौके पर उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की।

## एसएसपी देहरादून ने कांवड़ मेले में पुलिस के प्रबन्धों का जायजा लिया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा ऋषिकेश तथा रानीपोखरी, रायवाला क्षेत्र का भ्रमण कर कावंड़ मेले हेतु किये गये पुलिस प्रबन्धों का जायजा लिया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए एसएसपी दून द्वारा अधिकारियों को त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

भ्रमण के दौरान कावड़ मेले में आये श्रद्धालुओं को फूल माला पहनाकर एसएसपी देहरादून द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा उनसे वार्ता कर उनकी यात्रा के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। वार्ता के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को फल, पेय पदार्थ तथा मिष्ठान वितरित करते हुए उनकी सुरक्षित एंव सुगम यात्रा हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात एसएसपी देहरादून ने कावड़ ड्यूटी में नियुक्त पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए सभी कर्मियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी ड्यूटियों का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान एसएसपी देहरादून के साथ पुलिस अधीक्षक अपराध, यातायात, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश, ऋषिकेश थाना प्रभारी मौजूद थे।

## रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं ने तीज उत्सव को आकर्षक बनाया

### ऋतु को तीज क्वीन का ताज पहनाया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब ऋषिकेश दिवाज की अध्यक्षा माधवी गुप्ता के नेतृत्व में हरियाली तीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पारंपरिक गीत-संगीत, मनोरंजक खेलों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। कार्यक्रम में सचिव रेनू गुप्ता क्लब की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं। तीज के पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने कार्यक्रम को आकर्षक एवं उत्सवमय बना दिया। 'तीज क्वीन' प्रतियोगिता में श्रीमती ऋतु असूजा को तीज क्वीन चुना गया। अध्यक्ष माधवी गुप्ता ने कहा कि हरियाली तीज भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे आयोजन महिलाओं को एकजुट करने के साथ-साथ आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं कार्यक्रम की सफलता में शुभांगी रैना, तनु जैन, रुचि जैन, राखी सक्सेना, पूनम वर्मा एवं कनिका जैन का विशेष योगदान रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# गांवों में बने अमृत सरोवरों पर तिरंगा लहराकर मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

लखनऊ (चिंगारी)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक पूरे उत्साह, उल्लास व उमंग के वातावरण मे भव्य तरीके से मनाने के लिये ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में, ग्राम्य विकास की ओर से समस्त जनपदों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके इस हेतु विभाग की ओर से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को ससमय तैयारी करने और कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जाएगा। ध्वजारोहण के कार्यक्रम से पूर्व ग्राम पंचायत के माध्यम अमृत सरोवरों की विधिवत अभियान चलिकर साफ़ सफाई करायी जाय और राष्ट्रप्रेम की भावना से परिपूर्ण अन्य राष्ट्रोत्प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जायें।


आवश्यकता है
हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-
9319823965
8191819148











